कार्यालय मुख्य महाप्रबन्धक (फार्म) हल्दी

गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर
जिला-ऊधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पत्रांकः फार्म / मु.म.प्र. / क.वि. / 1097 दिनांकः जनवरी, 11- 2022

प्रभारी अधिकारी,
विश्वविद्यालय वेबसाइट, मेन्टीनेंस ग्रुप, पंतनगर

कृपया इस कार्यालय के पत्रांक : फार्म / क.वि. / मु.म.प्र. / 1054 दिनांक 31.12.2021 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ लेने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विश्वविद्यालय फार्म के हल्दी एवं बेनी प्रक्षेत्र पर उपलब्ध निष्प्रयोज्य 08 नग ट्रैक्टर, 05 नग वाहनों के विक्रय हेतु निविदाओं की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु आपको प्रेषित की गयी थी।

उक्त के संदर्भ में अवगत कराना है कि आगामी विधानसभा चुनाव 2022 के अंतर्गत आचार संहिता के दृष्टिगत उक्त निविदाओं को अनिश्चितकालीन स्थगित करने हेतु कुलपति जी द्वारा स्वीकृति दिनांक 11.01.2022 (छायाप्रति संलग्न) प्रदान की गयी है।

अतः आपसे अनुरोध है कि कुलपति जी द्वारा प्रदत्त उपरोक्त स्वीकृति के अनुपालन में विषयगत स्थगित निविदाओं की सूचना व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार (01 से 02 पृष्ठों में)।

11/01/22
मुख्य महाप्रबन्धक, फार्म

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ।

1. बर्सर अनुभाग, विश्वविद्यालय फार्म मुख्यालय, हल्दी।
2. प्रबंधक तकनीकी, फार्म।